संवीक्षक की रिपोर्ट

बैंक का नाम	इलाहाबाद बैंक
बैठक	17वीं वार्षिक आम सभा
दिनांक एवं समय	28 जून, 2019 पूर्वाह्न 10.30 बजे
स्थान	भाषा भवन आडिटोरियम, नेशनल लाइब्रेरी, बेलवेडियर रोड, अलीपुर, कोलकाता 700 027

1. **संवीक्षक के रूप में नियुक्ति:**

हमें रिमोट ई-वोटिंग और भाषा भवन आडिटोरियम, नेशनल लाइब्रेरी, बेलवेडियर रोड, अलीपुर, कोलकाता 700 027 में 28 जून, 2019 पूर्वाह्न 10.30 बजे आयोजित **इलाहाबाद बैंक** (इसके बाद **बैंक** के रूप में संदर्भित) की 17वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) में संचालित वोटिंग हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

2. **बैठक के आयोजन संबंधी सूचना का प्रेषण:**

बैंक ने सूचित किया है कि शेयरधारकों के रजिस्टर और डिपाजिटरियों अर्थात नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई लाभार्थ स्वामियों की सूची के आधार पर बैंक ने एजीएम की सूचना का विप्रेषण पूरा किया है:

- 1 जून, 2019 को ई-मेल द्वारा 127185 शेयरधारकों को जिनके ई-मेल आईडी डिपाजिटरियों/बैंक के पास थे।

- <u>कूरियर द्वारा</u>

  1 जून, 2019 को 95472 शेसरधारकों को।

- <u>पंजीकृत डाक से</u>

  3 जून 2019 को 3686 शेयरधारकों को।

3. **निर्धारित अंतिम तिथि**

रिमोट ई-वोटिंग और सभा में वोटिंग हेतु शेयरधारकों की पात्रता का निर्णय करने के प्रयोजन से निर्धारित अंतिम तिथि की गणना **शुक्रवार, 21 जून, 2019** की गई है।

4. रिमोटई-वोटिंग

4.1 एजेंसी

बैंक ने रिमोट ई-वोटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है।

4.2 रिमोट ई-वोटिंग

रिमोट ई-वोटिंग प्लेटफार्म **मंगलवार, 25 जून, 2019 को पूर्वाहन 10.00 बजे से गुरूवार 27 जून, 2019 अपराहन 5.00 बजे तक** खुला था और शेयरधारकों से अपेक्षित था कि वे एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-वोटिंग प्लेटफार्म पर, संकल्पों के संबंध में अपनी सहमति अथवा असहमति जताते हुए अपने वोट डालें।

5. एजीएम में वोटिंग

5.1 यह सुनिश्चित करने के प्रयोजन से कि जिन शेयरधारकों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट डाल दिए हैं वे आम सभा में पुन: वोट न डाल सकें, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20(4)(xiii) के अंतर्गत यथानिर्धारित अनुसार संवीक्षक रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति अवधि के बाद और वार्षिक आम सभा आरंभ होने से पूर्व शेयरधारकों से संबंधित केवल ऐसे विवरणों को देखेगा जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डाला है जैसे नाम, डीपी आईडी, क्लाइंट आईडी, फोलियो नं., धारित शेयरों की सं किंतु उनके द्वारा दिए गए वोट के तरीके को नहीं देखेगा।

5.2 तदनुसार, एनएसडीएल, रिमोट ई-वोटिंग एजेंसी ने शेयरधारकों के नाम, डीपी आईडी, क्लाइंट आईडी/ फोलियो नं., और शेयरधारकों की शेयरधारिता हमें उपलब्ध कराई हैं जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट डाले हैं।

5.3 बैंक ने सभा में उपस्थित होने वाले शयरधारकों के लिए सभा स्थल पर टैब वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई है।

5.4 हमारे साथ, श्री सुमन कुमार अग्रवाल (डीपी आईडी क्लाइंट आईडी: आईएन 30160411505353), बैंक के शेयरधारक को भी 17वीं वार्षिक आम सभा में वोटिंग की संवीक्षा के प्रयोजन हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

6. गणना प्रक्रिया

6.1 सभा के अध्यक्ष द्वारा वोटिंग की गणना की घोषणा के बाद एनएसडीएल ने टैब आधारित वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराई थी।

6.2 सभा में वोटिंग समाप्त होने पर, एनएसडीएल ने उन शेयरधारकों की सूची हमें उपलब्ध कराई थी जिन्होंने अपने वोट डाले थे जिसमें उनकी शेयरधारिता का विवरण और विशेष संकल्प के संबंध में डाले गए वोट का विवरण था।

6.3 वोटों का समाधान प्राधिकरण/बैंक में दाखिल परोक्षियों के संबंध में बैंक और बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए), सीबी मैनेजमेंट सर्विसेज प्रा. लि. द्वारा अनुरक्षित अभिलेखों के साथ किया गया।

6.4 हमने श्री देबू घोष और श्री सुभब्रत विश्वास के उपस्थिति में एनएसडीएल ई-वोटिंग प्लेटफार्म में रिमोट ई-वोटिंग परिणामों को अनब्लाक किया था और रिमोट ई-वोटिंग परिणामों को डाउनलोड किया था।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतर) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ई) के उपबंधों के अनुसरण में शेयरधारकों के मताधिकार, केन्द्र सरकार से इतर, बैंक के समस्त शेयरधारकों के कुल मताधिकार के 10.00% से अधिक नहीं हो सकती।

7. परिणाम

7.1 हमने पाया कि

क) 83 शेयरधारकों ने कार्यसूची की दोनों मदों में टैब वोटिंग के माध्यम से सभा में अपने वोट डाले।

ख) 213 शेयरधारकों ने कार्यसूची मद 1 पर रिमोट ई-वोटिंगके माध्यम से वोट डाले और 216 शेयरधारकों ने कार्यसूची मद 2 पर रिमोट ई-वोटिंगके माध्यम से वोट डाले

7.2 दिनांक 10 मई, 2019 की एजीएम सूचना में समाविष्ट कार्यसूची मदों के संबंध में समेकित परिणाम संलग्न हैं।

7.3 उक्त परिणामों के आधार पर हम यह रिपोर्ट करते हैं कि दिनांक 10 मई, 2019 की एजीएम सूचना में समाविष्ट कार्यसूची मद 1 संबंधी साधारण संकल्प और कार्यसूची मद 2 संबंधी विशेष **संकल्प अपेक्षित** बहुमत से पारित किया गया है।

ह./ ह./

शेयरधारक संवीक्षक संवीक्षक

दिनांक: 28 जून,2019

स्थान: कोलकाता

<u>समेकित परिणाम</u>

कार्यसूची मद 1: यथास्थिति 31, मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के तुलन-पत्र, लाभ-हानि लेखा, इस अवधि हेतु बैंक के कारोबार और गतिविधियों के सम्बन्ध में निदेशक मंडल के प्रतिवेदन और तुलन-पत्र तथा लेखाओं पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा, अनुमोदन एवं अंगीकरण।

विवरण	**वोटों की संख्या और निम्न में समाविष्ट वोट**						**प्रतिशत (%)**
	रिमोट ई-वोट		**एजीएम में वोटिंग**		**कुल**		
	संख्या	**वोट**	**संख्या**	**वोट**	**संख्या**	**वोट**	
सहमति	205	162478852	81	3424506434	286	3586985286	**99.9998**
असहमति	8	6717	2	900	10	7617	**0.0002**
कुल	213	162485569	83	3424507334	296	3586992903	**100.00**

उपर्युक्त परिणामों के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि दिनांक 10 मई, 2019 की सूचना में समाविष्ट साधारण संकल्प **अपेक्षित** बहुमत से पारित किया गया है।

ह./
शेयरधारक संवीक्षक
दिनांक: 28 जून,2019
स्थान: कोलकाता

ह./
संवीक्षक

<u>समेकित परिणाम</u>

कार्यसूची मद 2: क्यूआईपी/एफपीओ/राइट इश्यू आदि के माध्यम से कुल रु. 4000 करोड़ उगाहना।

विवरण	वोटों की संख्या और निम्न में समाविष्ट वोट						प्रतिशत (%)
	रिमोट ई-वोट		एजीएम में वोटिंग		कुल		
	संख्या	वोट	संख्या	वोट	संख्या	वोट	
सहमति	201	135114991	83	3424507334	284	3559622325	**99.2315**
असहमति	15	27566226	शून्य	शून्य	15	27566226	**0.7685**
कुल	216	162681217	83	3424507334	299	3587188551	**100.00**

उपर्युक्त परिणामों के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि दिनांक 10 मई, 2019 की सूचना में समाविष्ट विशेष संकल्प **अपेक्षित** बहुमत से पारित किया गया है।

ह./
शेयरधारक संवीक्षक
दिनांक: 28 जून,2019
स्थान: कोलकाता

ह./
संवीक्षक